**Nai Dunia (Indore), 9th September 2020, Page-1**

# आइआइटी इंदौर में खुलेगा केंद्रीय स्कूल, बाहर के विद्यार्थियों को भी मिलेगा पढ़ने का मौका

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में केंद्रीय स्कूल की शाखा खोली जाएगी। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने मंगलवार को ट्वीट कर इसका औपचारिक एलान भी कर दिया। आइआइटी इंदौर प्रशासन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि फरवरी में ही केंद्र सरकार को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा था। आइआइटी में स्कूल का भवन पहले से ही बनाकर तैयार है। आइआइटी इंदौर परिसर में नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के बाद देश में केंद्रीय विद्यालयों की कुल संख्या 1,242 हो जाएगी।

सिमरोल गांव में आइआइटी का नया कैंपस बना है। यहां विकास कार्य अब भी चल रहे हैं। स्कूल के लिए संस्थान ने 26 कमरों की बिल्डिंग तैयार की है। फिलहाल इस बिल्डिंग में संस्थान की फिजिक्स और केमिस्ट्री की प्रयोगशालाएं संचालित हो रही हैं। संभावना है कि अगले सत्र से नए केंद्रीय स्कूल में प्रवेश शुरू कर दिया जाए।



यहां खुलेगा केंद्रीय विद्यालय। •नईदुनिया

## तीन केंद्रीय स्कूल संचालित

इंदौर में तीन केंद्रीय स्कूल पहले से संचालित हो रहे हैं। एक रेडियो कॉलोनी में, जबकि दूसरा बीएसएफ परिसर एयरपोर्ट रोड और तीसरा प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (कैट) के अंदर है।

## पहले साल पांचवीं तक, प्रवेश प्रक्रिया की घोषणा जल्द

आइआइटी के निदेशक डॉ. निलेश जैन के अनुसार पहले साल सत्र 2020-21 को केंद्र से मंजूरी मिल गई है। यानी इसी वर्ष से कक्षा पहली से पांचवीं तक की अनुमति मिली है। प्रवेश प्रक्रिया जल्द ही घोषित कर देंगे। बच्चों को आइआइटी के बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं का लाभ मिलेगा। 15 अगस्त से ही हमने संस्थान परिसर में झूलाघर और नर्सरी स्कूल शुरू कर दिया था।